चुकन्दर से चीनी

†2587. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में चुकन्दर से चीनी बनाने वाले कुल कितनी चीनी मिल हैं और वे कहां कहां हैं ;

(ख) चुकन्दर का सबसे अधिक उत्पादन कहां होता है और क्या वहां पर चुकन्दर से चीनी बनाने वाली चीनी मिल हैं ;

(ग) लागत मूल्यों को ध्यान में रखते हुए चुकन्दर से पैदा की गई चीनी और गन्ने से पैदा की गई चीनी के तुलनात्मक दाम क्या हैं ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) केवल एक चीनी मिल अर्थात् दि गंगानगर शुगर मिल्स लि०, श्रीगंगानगर, राजस्थान ही चुकन्दर से चीनी तैयार कर रही है ।

(ख) वाणिज्यिक पैमाने पर केवल राजस्थान के श्रीगंगानगर के क्षेत्र में ही चुकन्दर की पैदावार की जाती है और उस क्षेत्र में केवल एक ही फैक्ट्री है ।

(ग) चुकन्दर से चीनी बनाने के लिए माल की लागत कम थी लेकिन रूपान्तरण लागत अधिक थी, अतः चुकन्दर और गन्ने की चीनी का कुल उत्पादन लागत लगभग समान ही थी । इस समय गन्ने और चुकन्दर की चीनी के मूल्यों के बीच कोई अन्तर नहीं है ।

केन्द्रीय पशु पालन फार्म

2588. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्थानों के राज्य-वार नाम क्या हैं जहां भारतीय गायों और भैंसों के दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए समेकित पशु विकास संबंधी वैज्ञानिकों की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय पशु पालन फार्म खोले गए हैं और ऐसे केन्द्र किन तारीखों को खोले गए थे ;

(ख) इन फार्मों में किन नस्लों के पशु रखे गए हैं ;

(ग) इन फार्मों में कितने पसु मरे हैं और कितने पशु जीवित हैं ;

(घ) इन फार्मों में फार्मों के खोलने से अब तक कितने नए मादा पशु रखे गये हैं; और

(ङ) नए मादा पशुओं से प्राप्त होने वाले दूध का ब्यौरा क्या है ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) और (ख) अपेक्षित ब्यौरा देने वाला एक विवरण संलग्न है ।

(ग) से (ङ) जानकारी सम्बन्धित केन्द्रीय पशु प्रजनन फार्मों से एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विवरण

क्रम सं०	जिन स्थानों में केन्द्रीय पशु प्रजनन फ़ार्म स्थापित किए गए हैं, उनके नाम	फ़ार्मों का स्थापना की तारीख	नस्लों की श्रेणी
1	2	3	4
1	सूरतगढ़ जिला श्री गंगानगर, राजस्थान	30-9-1967	थारपारकर पशु
2	धामरोड, जिला सूरत, गुजरात	17-11-1968	सूर्ती भैंसे
3	चिपलिमा, जिला सम्भलपुर, उड़ीसा	15-1-1968	रेड सिंधी पशु
4	सुनबेदा, जिला कोरापुट, उड़ीसा	1-5-1972	जर्सी पशु
5	अलादी (मद्रास), तमिलनाडु	1-4-1973	मुर्रा भैंसे
6	अन्देशनगर, जिला लखीमपुर खेरी, उत्तर प्रदेश	20-5-1976	होल्स्टाईन फ्रीसियन पशु

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में दैनिक मजूरी वाले श्रमिकों को नियमित करना

2589. **श्री राम लाल राही** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सभी दैनिक मजूरी वाले श्रमिकों को सेवाएं नियमित कर दी गई हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में मस्टर-रोल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को कतिपय शर्तों पर नियमित किया जाता है और केवल उन्हीं कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विचार किया जाता है जो इन शर्तों को पूरा करते हैं ।

Sub-Standard Foodgrain Supplied Through fair Price Shops

2590. SHRI AMAR ROY PRADHAN: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the sub-standard foodgrains have been supplied through public distribution system/